हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025
[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



## खबर संक्षेप



### भाजपा कार्यकर्ता को साइकिल प्रदान की

**मगरलोड**। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्म दिवस पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मगरलोड रोहित मोहन साहू ने भाजपा कार्यकर्ता रमेश साहू को साइकिल प्रदान की।

### डांडेसरा स्कूल में हुआ न्योता भोज



**डांडेसरा(धमतरी)**। शासकीय प्राथमिक शाला डांडेसरा में शालेम जोशी के जन्मदिन पर उनके पिता मिथिलेश जोशी एवं माता सोमनी जोशी द्वारा शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। इस दौरान शाला के सभी छात्र-छात्राओं को खीर-पूड़ी परोसी गई। इस अवसर पर प्रपा उर्वशी चन्द्राकर, शिक्षिका अनिता साहू, शहनाज बानो, बीना गजेन्द्र, संतोषी दीवान, टिकेश्वर साहू, सरिता साहू, राधाबाई जोशी उपस्थित थे।

### पिता की स्मृति में बच्चों को कराया न्योता भोज



**मगरलोड**। ग्राम राजपुर के स्व. बल्दूराम निषाद के प्रथम पितृ मिलन स्मृति पर उनके पुत्र राकेश निषाद, पवन निषाद, दाऊलाल निषाद ने शासकीय प्राथमिक शाला नवाडीह राजपुर के बच्चों को न्योता भोज दिया। बच्चों को खीर, पूड़ी के साथ अइरसा बांटा गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक मोहनलाल साहू, शिक्षक सियाराम साहू, शिक्षिका इंदु ध्रुव, सोमनाथ यादव, रसोईया रूपा यादव, रमला साहू आदि उपस्थित थे।

## निधन

### मानबाई साहू

**डांडेसरा(धमतरी)**। ग्राम भेण्डरवानी निवासी श्रीमती मानबाई साहू 61 वर्ष का निधन 18 सितम्बर गुरूवार को हो गया। वे जयस्वरूप,



ज्ञानस्वरूप एवं कोमलस्वरूप की माताजी थी। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम भेण्डरवानी के शांतिघाट में किया गया। मौके पर सोनसाय, ओमप्रकाश, सोनूलाल, मन्नू, संजय, द्रोण साहू, केशवराम, भूपेंद्र, जितेन्द्र, मोहन, विनोद, एवन, किशन, मुन्ना, भोजपाल, आशु, अक्षय, ओजस्वी, दुष्यंत, आर्यन सहित बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### हरिशंकर साहू

**कुरूद**। समीपस्थ ग्राम खैरा निवासी हरिशंकर साहू 70 वर्ष का आकस्मिक निधन 18 सितंबर को हो गया। वे कमलेश एवं चंद्रहास साहू के पिताजी थे। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## बच्चों का भविष्य खतरे में : मगरलोड ब्लॉक के पांच संकुलों में नहीं आई पुस्तकें

# 95 दिन बाद भी स्कूलों में नहीं पहुंची किताबें, कैसे होगा शिक्षा में सुधार

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

विकासखंड मगरलोड के 5 संकुल गिरौद, नवागांव, खड़मा, मगरलोड, भैंसमुंडी में 3 माह बीत जाने के बाद भी पुस्तकें नहीं आई है। नया शिक्षण सत्र प्रारंभ हुए करीब 3 माह बीत गये लेकिन शिक्षा विभाग अभी भी स्कूलों में पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो सकी है। अभी तक कक्षा 6वीं में एक भी किताबें नहीं बंट सकी है। कक्षा 7वीं, 8वीं में कुछ बच्चों को ही मिली। मिडिल स्कूल की हालत सबसे ज्यादा खराब है।



बुधवार को जनपद पंचायत सभापति नंदनी साहू, सरपंच टलेश्वर साहू, पंच गण टिकेश्वरी साहू, विद्या निषाद, पालक समिति के नूतन साहू, अजय साहू सहित अन्य लोगों ने गिरौद स्कूल का निरीक्षण किया जिसमें बच्चों को पुस्तकें ही नहीं मिली है।

बच्चों ने बताया कि हम लोग खाली हाथ आते हैं और खाली हाथ जाते हैं। पुस्तकें ही नहीं मिली है तो क्या करे। इससे पालकों में आक्रोश व्याप्त है। कहा कि एक हफ्ते में अगर पुस्तकें नहीं पहुंचती है तो जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे।

छठवीं का कोर्स इस बार बदल दिया गया है, लेकिन अब तक इसकी एक भी किताब स्कूल में नहीं पहुंची है। जिसके चलते विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षक पुरानी किताबों के सहारे कुछ कक्षा और विषय की पढ़ाई करा रहे हैं। चूंकि छठवीं का कोर्स इस साल बदल गया है। उसकी किताबें न होने से शिक्षक पढ़ा नहीं पा रहे। लेकिन शिक्षा विभाग से मासिक टेस्ट के साथ तिमाही पेपर लेने की सूचना आ गई है। जब पुस्तक ही नहीं तो बच्चे टेस्ट क्या देंगे।

इस संबंध में बीईओ मनीष कुमार ध्रुव ने बताया कि विभाग से हमें जितनी किताबें मिली उसे स्कूलों में भेज दिया गया है। लंबित किताबों के लिए लगातार पत्राचार किया जा रहा है। जैसे ही किताबें आएंगी तो उसे वांछित स्कूलों में भेज दिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने कहा कि शिक्षा विभाग से पुस्तकों की मांग की गई है। जैसी ही पुस्तकें आएंगी वैसे ही स्कूलों में भिजवा देंगे।

# सीएचसी एवं शहीद स्मारक परिसर में भाजपा ने चलाया सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

भारतीय जनता पार्टी मंडल नगरी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा अंतर्गत विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत नगरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं शहीद स्मारक परिसर में सफाई अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के दौरान लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई।



इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने कहा कि स्वच्छ भारत का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्येक नागरिक स्वयं जागरूक होकर स्वच्छता को अपनी आदत बनाएं। प्रधानमंत्री का जन्म दिवस समाजसेवा एवं जनकल्याण कार्यों के प्रति समर्पित होकर मानना ही सच्ची देशभक्ति है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, नागेंद्र शुक्ला, कमल डागा, जिला मंत्री दिनेश्वरी नेताम, महेंद्र नेताम, नरेंद्र नाग, सभापति अलका साव, शंकर देव, राजा पवार, देवचरण ध्रुव समेत अन्य उपस्थित थे। सभी ने मिलकर श्रमदान कर साफ-सफाई की एवं स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया।

## झांकी में गिधाली प्रथम, राजपुर द्वितीय

- लड़ेर में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम लड़ेर में ग्रामवासियों द्वारा तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता 13 से 16 सितम्बर तक आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र व दूरदराज की रामधुनी मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। झांकी पक्ष में प्रथम जय बूढ़ादेव रामधुनी मंडली गिधाली (चारामा) कथा प्रसंग भस्मासुर वंध रहा। इसी तरह द्वितीय जय मार्या रामधुनी मंडली राजपुर कथा प्रसंग शुंभ निशुंभ वध, तृतीय स्थान जय मां शारदा लोक कला रामधुनी मंडली भैंसबोड़ कथा प्रसंग सती मोह रहे। सादा पक्ष में प्रथम श्री जय बजरंग रामधुनी मंडली सेनचुवा कथा प्रसंग मारकंडे जन्म , द्वितीय श्री तुलसी के संदेश रामधुनी मंडली चोरभट्ठी कथा प्रसंग दशरथ जन्म, तृतीय जय श्रीराम रामधुनी मंडली तेलावट, संगीत पक्ष में जय मां



दंतेश्वरी रामधुनी मंडली सिंधौरी कला, वेशभूषा में जय रानीमाई रामधुनी मंडली कुर्राभाट चारामा, कथा प्रसंग में रामधुनी मंडली सोनेसिल्ली राजिम, अनुशासन में जय मां शीतला रामधुनी मंडली ककराभाट रहे।

कार्यक्रम में संरक्षक चंदूराम निषाद, अध्यक्ष दिनेश पटेल, उपाध्यक्ष नागेश्वर निषाद, सचिव घनश्याम कंवर, सहसचिव लक्ष्मण निषाद, मोतीराम निषाद, विष्णु निषाद, मोहित, धर्मेंद्र कंवर, दीपक निषाद, सुरेन्द्र समेत ग्रामवासियों का सहयोग

## टिकेश्वर अध्यक्ष, सचिव कपिल बनाए गए



- स्वयंभू श्री गणेश मंदिर सेवा समिति बारहपाली-गढ़डोंगरी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बारहपाली-गढ़डोंगरी स्थित स्वयंभू श्री गणेश मंदिर सेवा समिति का गठन सर्वसम्मति से हुआ। टिकेश्वर ध्रुव को अध्यक्ष चुना गया। उपाध्यक्ष पद पर गणेशराम साहू, लछिन्दर शोरी एवं श्रीमती रेणुका कोर्राम को मनोनीत किया गया। सचिव पद का दायित्व कपिल मरकाम को सौंपा गया। सहसचिव रतिराम मरकाम व ललेश्वर नेताम बनाए गए। कोषाध्यक्ष पद पर पन्नालाल मरकाम निर्वाचित हुए। समिति के संरक्षक मंडल में सीपी कौशिल, प्रेमलाल सोम, नथेलाराम नेताम, रामदयाल यादव, अंकालुराम, मीठाराम, सुखचन्द मण्डावी, पचकौड़राम नेताम तथा गोपालराम ध्रुव शामिल किए गए। इसके अलावा पदेन संरक्षक के रूप में सरपंच रजनी नेताम, शकुंतला ठाकुर, इन्दुमति मरकाम तथा रुपेश ध्रुव को जिम्मेदारी दी गई। सलाहकार गणेशराम यादव, ईश्वर दास, खिलेश नेताम, भागीराम साहू एवं नवल तिवारी बनाए गए। मंच संचालन की जिम्मेदारी पोखराज साहरे, कृष्णा यादव एवं बीरेंद्र मरकाम को सौंपी गई।

# वालंटियर्स को रेडक्रास एवं रेड रिबन के इतिहास की दी जानकारी

- सुखराम नागे महाविद्यालय में रेड रिबन क्लब का उन्मुखीकरण कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में रेड रिबन क्लब का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा ने छात्र-छात्राओं को यौन स्वास्थ्य एवं एड्स के प्रति जागरुकता फैलाने की प्रेरणा दी। साथ ही प्राकृतिक आपदा या आसपास होने वाली दुर्घटनाओं के समय प्रभावित लोगों की बिना किसी जातिगत भेदभाव के सहयोग करने की सलाह दी। प्रो. कौशल नायक रेडरिबन प्रभारी ने रेडरिबन वालंटियर्स को रेडक्रास एवं रेडरिबन के उद्देश्य एवं इतिहास से परिचय





कराया। 3 बार नोबल पुरस्कार विजेता यह क्लब मानवता के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान दे रहा है।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता सीता नेताम ने प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी दी जिसमें उन्होंने चोट लगने, जलने, किसी व्यक्ति के बेहोश होने, कुत्ते के काटने, दुर्घटना की स्थिति में किये जाने वाले उपचार एवं सावधानियों के बारे में बताया। प्रो. लोकेश्वरी राठिया ने छात्रों को रेबीज की जानकारी दी तथा सीपीआर की प्रक्रिया से अवगत कराया। कार्यक्रम में नेहा राजन का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश देवांगन, डॉ. अश्वनी ध्रुव, प्रो. आरआर मेहरा, प्रो. मोहित कुमार, प्रो. हितेषानंद ठाकुर, डॉ. दीपा देवांगन, डॉ. कविता, डॉ. ममता सौरज, उर्वशी साहू, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सौरभ पाण्डे, डिलेश्वरी पटेल सहित 60 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# फल की इच्छा किए बिना निरंतर कर्म करें : रामेश्वर

- सिर्री हाईस्कूल में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह, शाल, श्रीफल से शिक्षकगण हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिर्री में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामेश्वर प्रसाद सिन्हा पूर्व व्याख्याता शाउमावि सिर्री थे। अध्यक्षता रोहित साहू प्रभारी प्राचार्य शाउमावि सिर्री ने की। विशेष अतिथि मेंघुराम देवांगन पूर्व प्रधानपाठक, सरोज साहू पूर्व प्राचार्य शाउमावि सिर्री थे।





कार्यक्रम में शिक्षकगणों के लिए मटका फोड़ हुआ। स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक और देशभक्ति गीतों पर अपनी प्रस्तुति दी। कुछ बच्चों ने शिक्षकों के विषय में अपनी कविता भी प्रस्तुत की। गुरुजनों ने अपना अनुभव साझा करते हुए बच्चों को विभिन्न विषयों को लेकर सीख भी दी। मुख्य अतिथि रामेश्वर प्रसाद सिन्हा को छात्रसंघ एवं समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों द्वारा शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। श्री सिन्हा ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह दी। जीवन में सफलता हासिल करने का मूलमंत्र भी दिया। कहा कि विद्यार्थी जीवन विद्या अर्जन करने का उचित समय होता है। इसे व्यर्थ की बातों में नहीं गंवाना चाहिए। जीवन में लक्ष्य निर्धारण कर उस पर फल की इच्छा किए बिना ही निरंतर कर्म करते रहने की बात कही। मौके पर स्कूल स्टाफ नीलमणि लकरा, रेखा साहू, रूक्मणि साहू, उमेंद्र चंदेल, जितेंद्र देवांगन, संगीता साहू, ललिता देवांगन, भेजेंद्र कश्यप, आशा नेताम, दोनेश्वरी साहू, कीर्ति कंवर, नूतन साहू, सृष्टि कुजूर, सुरेंद्र साहू, हेमंत यादव, जीवन साहू, सरोज साहू, उत्तरा साहू, देवेंद्र साहू को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मंच संचालन भूमिका साहू एवं शाला प्रबंधन समिति के रोहित निर्मलकर ने किया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सीतेश्वर सिन्हा, झागेश्वर ध्रुव पूर्व मंडी अध्यक्ष कुरूद, उपसरपंच अरुण विश्वकर्मा, रोहित निर्मलकर, धनेश बंजारे, घनश्याम साहू, शोभाराम पटेल, हरिनारायण साहू, कुलेश्वर साहू गातापार सहित अन्य ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

## अंचल की खबरें

### मालक चालक ऑटो यूनियन संघ ने मनाई विश्वकर्मा जयंती



**कुरुद**। मालक चालक ऑटो यूनियन संघ कुरुद ने भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित की। पूजा-अर्चना कर जयंती मनाई एवं प्रसाद वितरण किया। इस अवसर पर जितेंद्र चन्द्राकर, प्रकाश साहू, धनराज ध्रुव,ओंकार साहू, प्रकाश साहू, पंकज ध्रुव, अनिल निर्मलकर, रूपराम देवांगन, राजू निर्मलकर, महेन्द्र यादव आदि उपस्थित थे।

### प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में बताया



**भखारा**। नगर पंचायत भखारा में सिंगल यूज प्लास्टिक के संबंध में जनजागरूकता रैली निकाली गई। नगरवासियों को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव के बारे में अवगत कराया गया। मुख्य नपा अधिकारी संतोष विश्वकर्मा ने कहा कि प्लास्टिक मानव जीवन के लिए एक अभिशाप है और इसका उपयोग कम से कम मात्रा में होना चाहिए। व्यापारियों को भी पेपर से बने थैले का उपयोग करना चाहिए। इस अवसर पर नपं भखारा के जनप्रतिनिधि, आधिकारी कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित थे।

### नवरात्रि पर्व को लेकर हुई बैठक



**नगरी**। कोसरिया मरार पटेल समाज सांकरा क्षेत्र के मरार पटेल समाजिक भवन में 22 सितंबर से नवरात्र पर्व को लेकर बैठक हुई। ज्ञात हो कि प्रतिवर्ष नवरात्रि पर्व में पटेल समाजिक भवन में ज्योत प्रज्ज्वलित की जाती है। सामाजिक बंधुओं द्वारा भवन की साफ सफाई की गई। मौके पर पटेल समाज ग्रामीण क्षेत्र अध्यक्ष प्रेमलाल पटेल, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम पटेल, भागवत पटेल, सेवक पटेल, बनवालीराम पटेल, युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष सांकरा क्षेत्र खिलावन पटेल, उपाध्यक्ष राजू पटेल शामिल थे।

### विश्वकर्मा जयंती पर छाती में हुआ रिकॉर्डिंग डांस



**पुरी**। ग्रामीण राजमिस्त्री संघ के तत्वावधान में ग्राम छाती में श्री विश्वकर्मा जयंती पर रिकॉर्डिंग डांस मुंदरी जिला बालोद का हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र साहू संरक्षक ग्रामीण साहू समाज छाती, विशिष्ट अतिथि विकास कुमार पंच, ईश्वर नागरची, नेतराम यादव थे। मुख्य अतिथि श्री साहू ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा के पिता का नाम वास्तुदेव एवं माता का नाम अंगीरसी था। भगवान विश्वकर्मा एक महान शिल्पकार थे। दर्शकों ने कार्यक्रम का आनंद उठाया।

### हाईस्कूल करैहा में छात्राओं को बांटी गई साइकिलें



**नगरी**। शासकीय हाईस्कूल करैहा में छात्राओं को साइकिल का वितरण हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच राधेश्याम नेताम रहीं। उन्होंने छात्राओं को साइकिल वितरण किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं तभी सफल होगी, जब विद्यार्थी पढ़ाई के प्रति गंभीर हो। शिक्षक, पालक व सम्मान उन्हें प्रेरित करें। सभी मिलकर विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल बना सकते हैं। उन्होंने शिक्षकों और पालकों से भी आव्हान किया कि बच्चों की पढ़ाई में नियमित सहयोग करें, उन्हें हरसंभव सहायता दें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अर्चना साहू ने की। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच सखाराम साहू, हरख मंडावी, व्याख्याता प्रीतम मंडावी, कविता , शारदा पाटिल, अभिमन्यु मिश्रा, ललित साहू, तुषण इंदौरिया, वार्ड पंच तोरण मंडावी, गोकुलराम, सहदेव साहू, संतोषी सलाम, पूर्णिमा नेताम थे।

# साहू समाज डांडेसरा के लाकेश अध्यक्ष, हरीश उपाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)

साहू समाज बानगर परिक्षेत्र के ग्राम डांडेसरा में पदाधिकारियों का चयन किया गया। पर्यवेक्षक जगमोहन साहू की उपस्थिति में सर्वसहमति से संरक्षक हरिशंकर साहू, अध्यक्ष लाकेश साहू, उपाध्यक्ष पुरूष हरिश साहू, उपाध्यक्ष महिला मोहनी साहू, संगठन सचिव पुरूष सतीश साहू, संगठन सचिव महिला संध्या साहू,



सचिव शिवकुमार साहू, कोषाध्यक्ष कैलाश साहू, सह सचिव नीलकंठ साहू, अंकेक्षक महेश साहू, सलाहकार कलीराम साहू, चैनलाल साहू, प्रमुख सलाहकार किरणकुमार साहू, मंदिर समिति सदस्य तारेन्द्र साहू, देवेन्द्र साहू, महिला प्रकोष्ठ शीला साहू, युवा प्रकोष्ठ मनीष साहू, मुरली साहू, समाज सेवक गोविंद साहू एवं मीडिया प्रभारी टिकेश्वर साहू को बनाया गया।

इस अवसर पर समाज के पूर्व उपाध्यक्ष शेषनारायण साहू, अंगदराम साहू, डेरहाराम साहू उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार 20 सितंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

10 95 दिन बाद भी स्कूलों में नहीं पहुंची किताबें, कैसे होगा ...


12 भाजपा पिछड़ा मोर्चा को प्रदेश से बूथ स्तर तक किया जायेगा ...


## खबर संक्षेप

### बेलरगांव में रक्तदान शिविर आज

**नगरी।** युवा प्रकोष्ठ ग्रामीण साहू समाज बेलरगांव द्वारा 20 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। रक्त दानदाताओं को जिला चिकित्सालय द्वारा प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा।

### रणचंडी मंदिर में जलेंगे जोत

**मगरलोड।** ग्राम रांकाडीह में रणचंडी मंदिर स्थापित है। शारदीय नवरात्रि में मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जायेगी। पंजीयन शुल्क 751 रूपये है।

### ज्योति पंजीयन प्रारंभ

**मगरलोड।** शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर सोमवार से प्रारंभ हो रही है। करेली छोटी स्कूलपारा में रामेश्वर भगत के निवास में दुर्गा माता, काली माता का मंदिर स्थापित है। नवरात्रि पर्व पर तेल, घी मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की जाती है। ज्योति पंजीयन प्रारंभ हो चुका है।

### कवि सुरजीत की स्मृति में नाट्य मंचन आज

**धमतरी।** भारतीय साहित्य के अमर कथाकार मुंशी प्रेमचंद की दो कालजयी रचनाएं बड़े घर की बेटी और बड़े भाई साहब का नाट्य मंचन शाश्वत उत्सर्ग युथ थिएटर ग्रुप धमतरी एवं मराठा समाज के संयुक्त तत्वावधान में 20 सितंबर को दोपहर 3:30 बजे मराठा मंगल भवन मराठापारा में किया जाएगा।

### आज से गागरा में रामधुनी प्रतियोगिता

**पुरी।** ग्राम गागरा में रामधुनी प्रतियोगिता एवं सम्मेलन का आयोजन 20 से 21 सितंबर तक किया गया है। शुभारम्भ अवसर की मुख्य अतिथि रंजना साहू भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष होंगी। अध्यक्षता अनिता साहू सरपंच करेंगी। विशिष्ट अतिथि शुभ्रजीत जैना, उत्तम चोपड़िया ग्रामीण अध्यक्ष, तीजू कौशिक ग्रामीण सचिव, प्रहलाद साह ग्रामीण कोषाध्यक्ष, रामाधार साहू, हेमलाल धीवर, नरेशदास बघेल होंगे। समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण के मुख्य अतिथि ओंकार साहू विधायक धमतरी होंगे। अध्यक्षता अनिता साहू सरपंच करेंगी। विशिष्ट अतिथि गोपीचंद यादव उपसरपंच, पवन साहू, मनोज ध्रुव, देवेन्द्र साहू, यशवत साहू, अवधराम ध्रुव सेनि प्रपा, कुन्दनसिंह नेताम सेनि प्रपा गागरा, इन्द्रेशसिंह नेताम सेनि प्रपा गागरा होंगे। यह जानकारी मनोज ध्रुव पूर्व पंच ने दी है।

### पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह आज

**धमतरी।** पुस्तक विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन 20 सितंबर को साहित्य सदन मुजगहन धमतरी लोहरसी रोड में दोपहर 12 बजे आयोजित है। इस अवसर पर साहित्यकार डुमनलाल ध्रुव की प्रकाशित कृति छत्तीसगढ़ के लोक आभूषण का विमोचन किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं भाषाविद् डॉ. चित्तरंजनकर रायपुर होंगे। अध्यक्षता सेनि प्राचार्य डॉ. चन्द्रशेखर चौबे धमतरी, समीक्षात्मक वक्तव्य प्रसिद्ध आलोचक डॉ. जयप्रकाश साव दुर्ग, हिन्दी अध्ययन मंडल पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर की अध्यक्ष डॉ. कविता वैष्णव होंगे। विशेष अतिथि सेनि पुलिस महानिरीक्षक जयंत थोरात, सेनि प्राचार्य डॉ. एसएस ध्रुवे, उपन्यासकार दुर्गाप्रसाद पारकर, साहित्यकार द्रोणकुमार सार्वा होंगे। कार्यक्रम में दिवंगत प्रख्यात हास्य व्यंग्य कवि सुरजीत नवदीप को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी जायेगी। कार्यक्रम में साहित्यकारों, गणमान्य नागरिकों से उपस्थिति की अपील हीरालाल साहू ने की।

हाईप्रोफाइल मामले में कार्वाई शुरू

# शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाला : एक की जमानत खारिज, तीन की मंजूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाला में कार्रवाई पर कार्रवाई हो रही है। शुक्रवार को पुलिस ने एक और शिक्षाकर्मी को गिरफ्तार किया है। उधर न्यायालय ने तत्कालीन बीईओ की अग्रिम जमानत खारिज कर दी है। हालांकि तीन आरोपी जिन्हें पुलिस ने बुधवार को न्यायालय में पेश किया था, उनकी जमानत मंजूर कर ली गई है।




शिक्षाकर्मी भर्ती घोटाला का हाई प्रोफाइल मामला पिछले 16 साल से चल रहा है। आज तक यह सुर्खियों में है। हाई प्रोफाइल होने के कारण अब तक इसमें ठोस कार्रवाई नहीं हो पा रही थी। अब जाकर इस घोटाले के आरोपियों पर कार्रवाई शुरू हुई है। कार्रवाई की शुरूआत जनपद पंचायत मगरलोड के तत्कालीन सीईओ केके तिवारी से हुई। वे शिक्षाकर्मी भर्ती में जांच समिति के सचिव थे। मामला दर्ज होने के बाद लंबे समय तक वे पुलिस की गिरफ्त से बाहर थे। लचर प्रशासनिक और पुलिस व्यवस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि तत्कालीन सीईओ पुलिस रिकार्ड में फरार घोषित थे, लेकिन इस दौरान वे पदोन्नति लेकर पंचायत समाज विभाग में कार्य कर रहे थे।

बुधवार को पुलिस ने फिर से इस मामले में कार्रवाई की। चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इसमें तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी नम्मूराम साहू भी शामिल थे। बताया गया कि गिरफ्तारी के बाद उनकी तबीयत खराब हो गई, जिसके चलते उन्हे न्यायालय में पेश नहीं किया गया। बाकी के तीन आरोपी तत्कालीन जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मगरलोड कोमल यदु, शिक्षाकर्मी सीताराम कुर्रे और शिक्षाकर्मी ईशुकुमार साहू को पुलिस ने जिला सत्र न्यायालय में पेश किया, जहां से तीनों को रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

शुक्रवार को बीईओ नम्मूराम साहू ने न्यायालय में अग्रिम जमानत की याचिका लगाई थी। वहीं जेल दाखिल होने के बाद ईशु साहू, सीताराम और कोमल यदु ने भी जमानत के लिए याचिका लगाई थी। न्यायालय ने इन तीनों की जमानत मंजूर कर ली है, वहीं बीईओ नम्मूराम की जमानत खारिज कर दी है।

ग्राम गुजरा व अरसीकन्हार के पास हुआ हादसा

# सड़क हादसों में तीन की मौत, बच्ची घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में दो अलग-अलग जगह हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई । वहीं एक बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई ।

मिली जानकारी के अनुसार भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम दरगहन निवासी बलराज पटेल पिता रंजीत उम्र 19 वर्ष बढ़ाई का कार्य करता था, वहीं गांव का पोखन यादव पिता गंगाराम उम्र 30 वर्ष रोजी मजदूरी करता था। गुरुवार की शाम बलराज अपने चाचा गंगाधर पटेल को दवाई लेने मेडिकल जाने की बात बताकर अपनी बाइक क्रमांक सीजी 05 ई 0299 से गांव के पोखन के साथ निकला। मेडिकल से दवाई खरीदने के बाद दोनों युवक बाइक में सवार होकर रात्रि 10 बजे के लगभग वापस अपने घर ग्राम दरगहन लौट रहे थे। इसी दौरान कोसमर्रा व गुजरा के स्थित भरत पेट्रोल पंप के समीप भखारा रोड से गुजर रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक अपने वाहन सहित मौके से फरार हो गया। वाहन की





टक्कर से युवकों के सिर पर गंभीर चोट लगी थी। सूचना पर वरदान एम्बुलेंस संस्था के शिवा प्रधान, डुमन, पप्पू व अमन तत्काल घटनास्थल पहुंच घायलों को उपचार के लिए गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद युवकों को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को दोनों शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। बाइक सवारों को ठोकर मारने वाला अज्ञात वाहन ट्रक है, जो घटना के बाद भाग गया है।

### सड़क दुर्घटना में पिता की मौत, बेटी घायल



एक अन्य घटना नगरी ब्लाक के ग्राम सांकरा व अरसीकन्हार के बीच हुई है। मेचका थाना क्षेत्र के ग्राम मांदागिरी निवासी सुरेंद्र नेताम पिता बंशीराम उम्र 37 वर्ष गुरुवार को अपनी बेटी के साथ मोटरसाइकिल से उपचार कराने अस्पताल गया था। जहां से दोनों पिता-पुत्री मोटर साइकिल से अपने घर मांदागिरी लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम सांकरा व अरसीकन्हार के बीच तेज रफ्तार कार बाइक को ठोकर मार भाग गई। हादसे में पिता-पुत्री घायल हो गए। पिता के पैर में गंभीर चोट लगी थी। घायलों को उपचार के लिए नगरी अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान सुरेंद्र की मौत हो गई, वहीं घायल बेटी को नगरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगरी पुलिस ने गुरुवार को पंचनामा की कार्रवाई कर शव परिजनों को सौंप दिया है। मुक्तांजलि वाहन चालक रूपेंद्र नाग ने शव उनके परिजनों को उनके निवास तक पहुंचाया। बताया गया कि मृतक वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी के रूप में कार्यरत था।

# खून के व्यापार पर रोक लगाने की उठी आवाज

- परमार्थ सेवा समिति ने कार्रवाई करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खून का व्यापार होने के मामले में वरदान परमार्थ सेवा समिति ने कलेक्टर को उचित कार्रवाई करने के लिए आवेदन सौंपा। समिति के अध्यक्ष शिवा प्रधान, लिखेन्द्र साहू, मोहन रजक, प्रेम कुमार, डुमन राव ने शुक्रवार को कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में कहा है कि जिला में ब्लड बैंक होते हुए भी दूसरे जिले के ब्लड बैंक बिना किसी सूचना एवं अनुमति के धमतरी जिले में आकर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन करते हैं। डोनरों को तरह-तरह का प्रलोभन देकर ब्लड डोनेशन करवाते हैं और ब्लड को जिले के बाहर ले जाकर



अपने ब्लड बैंक में इसका व्यापार करते हैं। इससे जिले के मरीजों में खून की आवश्यकता होने पर उन्हें भटकना पड़ता है।

परमार्थ सेवा समिति ने आवेदन में कहा है कि बिना सूचना एवं अनुमति के ब्लड डोनेशन कैंप के आयोजनों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए। उचित कार्रवाई करने तथा अन्य जिले के ब्लड बैंकों को डोनेशन शिविर लगाने की अनुमति नहीं देने की मांग की गई है।

# नहीं मिला मनरेगा को अतिरिक्त बजट

- इस साल मनरेगा के बजट में कटौती, आधा बजट मिला वह भी शुरूआती दौर में खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सीईओ कांफ्रेंस के बाद भी मनरेगा को अतिरिक्त बजट नहीं मिला है। ऐसे में मनरेगा कार्यों की स्थिति खराब है। अब 24 सितंबर को एक और प्रदेश स्तरीय बैठक होने की वाली है। मजदूर, जनप्रतिनिधि सहित मनरेगा से जुड़े अन्य लोग इस बैठक में मनरेगा पर बजट को लेकर चर्चा होने की उम्मीद पर बैठे हैं।

इस साल मनरेगा के बजट में जबरदस्त कटौती की गई है। मुश्किल से आधा बजट दिया गया था, जो शुरूआती दौर में ही खत्म होने की स्थिति में पहुंच गया। जानकारी के अनुसार इस साल मात्र 30 लाख मानव दिवस का लक्ष्य



मिला है। इसमें भी 12 लाख मानव दिवस काम हो चुका है। बाकी बचा बजट पीएम आवास और आंगनबाड़ी निर्माण में खत्म हो जाएगा। ऐसे में बड़े काम के लायक बजट ही नहीं बचा है। पहले सालाना करीब 60 लाख मानव दिवस का लक्ष्य दिया जाता था। मनरेगा कार्यों के लिए मजदूरों से लगातार आ रही डिमांड को देखते हुए जिला पंचायत से शासन को करीब 70 लाख मानव दिवस की डिमांड भेजी गई थी। डिमांड के विरूद्ध 50 प्रतिशत बजट भी नहीं दिया गया है। अभी बड़ी संख्या में पुराने काम अधूरे पड़े हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि जिले में 21 हजार आवास तैयार हो रहे हैं। इसके अतिरिक्त 81 आंगनबाड़ी भवन निर्माण भी प्रगति पर है। मनरेगा के तहत 70 एकड़ में पौधरोपण भी तैयार किया गया है। मनरेगा के बजट का अधिकांश हिस्सा तो इन्हीं कार्यों में खत्म हो गया है। बाकी बजट में भी इन्हीं निर्माणाधीन कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। ऐसे में बड़े कार्यों के लिए फिलहाल मनरेगा में कोई जगह नहीं है।

# पालीटेक्निक कालेज के छात्रों को मिला सफल होने का गुरुमंत्र



- इंडक्शन कार्यक्रम में कॉलेज के पूर्व छात्र रहे बीएसपी के सहायक महाप्रबंधक ने दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भिलाई स्टील प्लांट के सहायक महाप्रबंधक हेमंत कुमार वर्मा ने पालीटेक्निक कॉलेज के छात्रों को सफलता के टिप्स दिए। उन्होंने एक सफल इंजीनियर बनने के लिए आवश्यक कौशल, अनुशासन और परिश्रम के महत्व पर मार्गदर्शन दिया। श्री वर्मा ने अपनी पढ़ाई पॉलीटेक्निक कालेज धमतरी से की है।

भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज धमतरी में शुक्रवार को इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संस्थान के ही पूर्व छात्र एवं वर्तमान में भिलाई स्टील प्लांट भिलाई में सहायक महाप्रबंधक (असिस्टेंट जनरल मैनेजर) पद पर कार्यरत हेमंत कुमार वर्मा थे। उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में छात्र-छात्राओं को भविष्य की तैयारी के साथ करियर निर्माण से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण बातें बताई, जो छात्रों के व्यावसायिक जीवन में उपयोगी सिद्ध होंगी।

इस अवसर पर संस्था के डॉ. उमेश कुमार सिन्हा, विनोद संगोडे, पूनमचंद, एसके गजेंद्र, डॉ निधि शुक्ला, डॉ रश्मि स्वामी, टीके मरकाम, देवेन्द्र कुंभकार सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित थे।

# आपरेशन निश्चय : पुलिस ने 91 ठिकानों पर दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- नशे के खिलाफ पुलिस का बड़ा अभियान

पुलिस ने आपरेशन निश्चय के तहत अभियान चलाते हुए 91 ठिकानों पर दबिश देकर नशे पर कड़ा प्रहार किया है।

रायपुर रेंज के आईजी अमरेश कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन व निर्देशन में जिला पुलिस द्वारा शुक्रवार की सुबह एक विशेष सघन अभियान आपरेशन निश्चय चलाकर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में कुल 91 स्थानों पर दबिश दी गई। अभियान के लिए अलग-अलग कुल 20 टीम बनाकर



गुंडा-बदमाश, असामाजिक तत्व एवं मादक पदार्थों के अवैध कारोबारियों पर बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 4 प्रकरण दर्ज कर 4 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 770 ग्राम अवैध गांजा जब्त किया गया। इसी तरह आबकारी एक्ट के तहत 3 प्रकरण में 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 97 पौवा अवैध शराब जब्त की गई। धारा 170 बीएनएस के तहत 16 प्रकरण दर्ज कर 16 व्यक्ति पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। धारा 126-135 बीएनएस के तहत 27 प्रकरण में 27 व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की गई। आर्म्स के तहत 2 प्रकरण में 2 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इसी तरह 2 गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान कुल 91 संदेहियों को चेक किया गया। पुलिस जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, नशे के खिलाफ लड़ाई लड़ने एवं गुंडा-बदमाशों पर अंकुश लगाने लगातार अभियान चला रही है।

### अक्टूबर-नवम्बर में रोजगार मेला लगेगा

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार माह अक्टूबर-नवम्बर में धमतरी जिले के युवाओं के हित में रोजगार मेला का आयोजन संभावित है। इस दौरान जिले के निजी क्षेत्र के रिक्त पदों के विरूद्ध भर्ती की जाएगी। उप संचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा जिले में उपलब्ध सभी निजी संस्थाओं से अपनी संस्थाओं के रिक्त पदों की जानकारी कार्यालय को अथवा ईएमपीधमतरी एटदरेट जीमेल डाट काम में उपलब्ध कराने कहा गया है, ताकि स्थानीय युवाओं को लाभान्वित किया जा सके।

# युवक ने की आत्महत्या की कोशिश ग्रामीणों ने बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

- ग्राम बोड़रा की घटना

अज्ञात कारणों से एक युवक फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रहा था जिसे गांव के युवकों ने समय रहते बचा लिया। युवक का जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

परिजनों के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम बोड़रा निवासी जितेन्द्र यादव पिता नोहर उम्र 24 वर्ष गांव के मवेशियों को चराने का काम करता था। शुक्रवार की सुबह युवक गांव स्थित मंदिर के पास नीम पेड़ पर चढ़कर फंदा बांध फांसी लगाने का प्रयास कर रहा था। युवक की हरकत पर ग्रामीणों की नजर पड़ गई। गांव के प्रबुद्धजनों ने युवक को समझाने का प्रयास किया लेकिन युवक किसी की बात सुनने को तैयार ही नहीं था। पेड़ के नीचे लोगों की भीड़ लगी हुई थी। युवक ने नीम पेड़ की डाली पर फंदा बांध दिया था। फंदे को अपने गले में



डाल नीचे झूल गया। इसी दौरान गांव के कुछ युवक मंदिर की छत पर चढ़े और कुछ युवक पेड़ पर चढ़ गए। समय रहते युवाओं ने फंदे पर लटक चुके जितेन्द्र को पकड़कर ऊपर उठाया। वहीं पेड़ पर बंधे फंदे को खोल युवक को नीचे उतारा। इस दौरान युवक अचेत हो गया था जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को न्यू वार्ड के आईसीयू में भर्ती किया गया है। उसका उपचार जारी है। युवक अपने मां-बाप का इकलौता बेटा है। उसकी एक छोटी बहन है जिसकी शादी हो चुकी है। युवक अविवाहित है। युवक द्वारा आत्महत्या करने का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

डूब प्रभावित किसान लीज पर एक हजार हेक्टेयर में करते हैं खेती

# दुधावा के लीजधारी 900 किसानों ने धान विक्रय के लिए पंजीयन शुरु कराने की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

दुधावा जलाशय किसान समिति ने समर्थन मूल्य पर धान विक्रय के लिए किसानों का पंजीयन कराने की मांग कलेक्टर से की है। समिति के अध्यक्ष पुनीतराम साहू ने बताया कि दुधावा जलाशय अंतर्गत 15 गांव के किसान डूब प्रभावित हैं। बेलरगांव, भूमका, कोरमुड़ा, बनोरा, भुरसीडोंगरी, देवखुंटपारा, अमाली, घुरावड़, सेमरा, साहनीखार, बिरगुड़ी,




जुनवानी, कुंगेरा, कलमीपारा, केकराडोंगरी के करीब 900 किसान लगभग 1 हजार हेक्टेयर में खेती करते आ रहे हैं। विगत 20-25 वर्षों से दुधावा जलाशय से लीज लेकर कृषि करते हैं। हर साल की तरह इस साल भी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के लिए उनका पंजीयन कराने की मांग की गई है।

उमेश साहू, यतेंद्रकुमार, पतिराम, गोकुल, कोमलसिंह देवांगन ने बताया कि उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात कर कहा है कि उनकी अनुमति से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी होती है। बेलरगांव एवं सेमरा सोसाइटी में उनका धान खरीदा जाता है। कलेक्टर ने उनकी मांग पर पंजीयन की प्रक्रिया शुरु कराने का आश्वासन दिया है।

### संशय में किसान

एग्रीस्टेक भारत सरकार द्वारा विकसित एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जिसका उद्देश्य किसानों का व्यापक डेटाबेस तैयार करना है। इसमें उनकी पहचान, भूमि रिकार्ड, आय, ऋण, बीमा संबंधी जानकारी शामिल होगी। जिले के जलाशय दुधावा, माड़मसिल्ली, गंगरेल जलाशय की जमीन को लीज में लेकर सैकड़ों डूब प्रभावित किसान खेती करते हैं। लीज जमीन की किसानों के नाम से ऋण पुस्तिका नहीं होने से डूब प्रभावित किसानों का एग्रीस्टेक नहीं हो पा रहा है। इससे किसान अपनी उपज को समर्थन मूल्य पर बेच पाने को लेकर संशय में है। बताया जा रहा है कि मनी रसीद के माध्यम से लीजधारी किसानों का पंजीयन किया जाता है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### जिले में सैनिक स्कूल खोलने की मांग




■ भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य ने की रक्षामंत्री से मुलाकात

**धमतरी।** भाजपा के जिला कार्यकारिणी सदस्य आशीष सिंह ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर धमतरी जिले में सैनिक स्कूल खोलने एवं रायपुर से लखनऊ, लखनऊ से रायपुर प्रतिदिन ट्रेन चलाने का आवेदन किया है। आशीष सिंह ने बताया कि रक्षामंत्री के विशेष कार्य अधिकारी केपी सिंह ने कहा है कि निजी स्कूल चलाने वाले संचालक अपने स्कूल को सैनिक स्कूल में बदल सकते हैं। इसके लिए आवश्यक अर्हताएं सैनिक स्कूल के अनुरूप होनी चाहिए। निजी स्कूल आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। रायपुर से लखनऊ प्रतिदिन ट्रेन के लिए उन्होंने रेलमंत्री से चर्चा की।

### वामन ने बॉक्सिंग में जीता स्वर्ण राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए चयनित

**नरहरपुर।** विकासखण्ड नरहरपुर अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थानाबोड़ी के छात्र वामन कुमार निषाद ने कड़ी मेहनत और लगन के दम पर जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में आयोजित संभाग स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बॉक्सिंग खेल में शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल किया था, उसके उपरींत राज्यस्तरीय खेल रायपुर में हुआ, जहाँ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही उनका चयन राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

### शराब पीने पर एक पर की कार्रवाई

**कांकेर।** अंतागढ़ पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहा है, जिससे आने जाने वाले लोगो को परिशानी हो रही है। पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए मौके से भानुप्रतापपुर थानांतर्गत किनारी निवासी आरोपी सतीश समरथ को 17 सितंबर को पकड़ा पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### फांसी लगाकर की खुदकुशी कारण अज्ञात, मर्ग कायम

**कांकेर।** चारामा थानांतर्गत थानेश्वर कुंजाम ने अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर लिया। भागवान कुंजाम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 18 सितंबर को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या किया। आत्महत्या के कारणों का पता लगाने पुलिस ने जुटी हुई है।

सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी
Fat Injection
Vagina
Tightening
(महिलाएं व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

# भाजपा पिछड़ा मोर्चा को प्रदेश से बूथ स्तर तक किया जायेगा मजबूत : अशोक




हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू, नगर निगम महापौर के नेतृत्व में स्वागत किया गया। भाजपा जिला कार्यलय में हुई परिचयात्मक बैठक में जिलाध्यक्ष श्री बैस ने बताया कि भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार में पिछड़ा जाति के विकास के लिए बहुत सारी कल्याणकारी योजनाए चल रही हैं। भाजपा पिछड़ा मोर्चा के प्रदेश महामंत्री डा खिलावन साहू ने कहा कि प्रदेश में 32 प्रतिशत पिछड़ी जाति, 95 प्रकार की पिछड़ी जाति राज्य में निवास करती है। सभी जाति को संग़ठित होने के लिए भाजपा ने पिछड़ा मोर्चा का गठन किया है। पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरु निषाद ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार ने 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ पिछड़ी जाति को दिलाने के लिए विधेयक पास किया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि भाजपा ने नगर निगम पंचायत चुनाव में ज्यादा से ज्यादा जनप्रतिनिधि के रुप प्रत्याशियों को नेतृत्व का मौका दिया। नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू ने कहा कि प्रदेश में भाजपा पिछड़ा मोर्चा को प्रदेश से बूथ स्तर तक मजबूत किया जायेगा। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष शातंनु साहू, राजेन्द्र नायक, प्रदेश मंत्री देवदूत साहू, अशोक सिन्हा, मीडिया प्रभारी तामेश्वर साहू, कार्यालय प्रभारी भूपेन्द शंकर सेन, भाजपा जिला महामंत्री महेन्द्र पंडित, राकेश साहू, कोषाध्यक्ष चेतन साहू, मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, महामंत्री राजीव चंद्राकर मंच पर थे। उनके प्रथम नगर आगमन पर हरदिया साहू समाज परिसर में भाजपा पिछड़ा मोर्चा जिला प्रभारी हेमराज सोनी, जिलाध्यक्ष भगत यादव, महामंत्री संतोष सोनकर रामखिलावन चंद्राकर, दयाराम साहू, लखन पटेल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बालाराम साहू,अवनेद्र साहू, मुकेश यादव, लक्ष्मीनारायण साहू, दिलीप पटेल, डीपेंद्र साहू, जितेंद्र पटेल, किशोर कुंभकार, शुभम केसवानी, विजय साहू, श्यामा बाई साहू, उमेश साहू, राजू सोनकर, राकेश सिन्हा, कीर्तन मीनपाल, अग्रवाल साहू ने स्वागत किया।

राज्य स्तरीय एकल एवं युगल छत्तीसगढ़ी गायन स्पर्धा

## छेड़ सुरों के गीत कार्यक्रम 21 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



13 वर्षों से प्रदेश स्तर पर छत्तीसगढ़ के गायकों को एक मंच प्रदान करने वाला छत्तीसगढ़ म्यूजिकल ग्रुप धमतरी इस वर्ष भी राज्य स्तरीय एकल एवं युगल छत्तीसगढ़ी गायन स्पर्धा आयोजित कर रहा है। 21 सितंबर को हरदिहा साहू समाज भवन में प्रदेश भर के छत्तीसगढ़ी गीतों को सुपोषित व पल्लवित करने वाले कलाकार गायक इस राज्य स्तरीय एकल व युगल छत्तीसगढ़ी गायन प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

मंच के संस्थापक लोकेश करैत ने बताया कि यह ऐसा कार्यक्रम है जो छत्तीसगढ़ की लोकगीत, परंपरा को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है। इसमें विभिन्न लोकगीत गायकों और समूहों को अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलता है। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और लोकप्रिय बनाने में मदद करती है। छत्तीसगढ़ की लोकगीत परंपरा को बढ़ावा देना, कलाकारों को मंच प्रदान करना और सांस्कृतिक आदान- प्रदान को प्रोत्साहित करना इस मंच का उद्देश्य है। प्रतियोगिता 21 सितंबर को होगी। आडिशन 10 बजे और फाइनल शाम 7 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ शाम 4 बजे अतिथियों द्वारा किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21000 रूपए, स्मृति चिन्ह व प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। द्वितीय स्थान आने वाले को 11000 रूपए व स्मृति चिन्ह, तृतीय पुरस्कार 5100 रूपए व स्मृति चिन्ह दिया जाएगा। चतुर्थ में सांत्वना पुरस्कार 5 लोगों को दिया जाएगा। पंजीयन स्पर्धा स्थल पर सुबह करवाया जा सकता है।

### जोरातराई (अ) में साफ-सफाई कर पौधे रोपे

**अंवरी।** ग्राम जोरातराई (अ) में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन पर अटल चौक, कर्मा मन्दिर परिसर, ठाकुरदेव चौक, शीतला मन्दिर परिसर, पंचायत भवन परिसर, आंगनबाड़ी परिसर में स्वच्छता अभियान के माध्यम से साफ सफाई कर एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधे लगाए गए।

## पारित प्रस्ताव में छेड़छाड़ करने का आरोप

■ नपा कुरुद के विपक्षी पार्षदों ने सीएमओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



नगर पालिका कुरुद में सत्तापक्ष पर पारित प्रस्ताव के साथ छेड़छाड़ और मनमानी करने का आरोप लगाते हुए विपक्षी पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू की अगुवाई में सीएमओ को ज्ञापन सौंप आंदोलन की चेतावनी दी है।

श्री साहू ने बताया कि परिषद की बैठक में निर्णय हमेशा जनहित को ध्यान में रखते हुए सभी सदस्यों के विचार विमर्श के बाद लिया जाता है। लेकिन बैठक के बाद लिये गये निर्णय एवं सत्य प्रतिलिपि में काफी भिन्नता होती है।

वरिष्ठ पार्षद मनीष साहू एवं रजत चंद्राकर ने कहा कि नगर में पहली बार ऐसा हो रहा है कि परिषद में निर्णय कुछ और लिया गया और लिखा कुछ और गया है। 11 अप्रैल 2025 को परिषद् के साधारण सम्मिलन में विषय क्रमांक 8 में नया नगर पालिका भवन को पूर्ण सुविधायुक्त बनाने शासन से राशि और जमीन मांग किये जाने के संबंध में सर्वसम्मति से निर्णय पारित किया गया था जिसमें पुराने नगर पंचायत भवन को तोड़ना, सामने की चार दुकानों को हटाना या शॉपिंग काम्प्लेक्स का निर्माण करना जैसे विषय शामिल नहीं था।

उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि ऐसी भर्राशाही नहीं चलेगी, इसमें सुधार नहीं हुआ तो हम आंदोलन करेंगे। पार्षद मंजु साहू, उत्तम साहू, राखी चंद्राकर, अर्जुन ध्रुव ने भी पारित प्रस्ताव में की गई छेड़छाड़ पर विरोध जताया है।

**आरोप बेबुनियाद है : सीएमओ गुप्ता**

इस बारे में मुख्य नगरपालिका अधिकारी महेन्द्र गुप्ता ने बताया कि विपक्षी पार्षदों का विरोध नगर हित में नहीं है। परिषद की प्राथमिकता नगरहित में निहित होती है। परिषद के निर्णय में छेड़छाड़ का आरोप बेबुनियाद है। हमने नगर को सुन्दर स्वरूप देने एवं राजस्व वृद्धि के लिए उसमें थोड़ा विस्तार किया है। इसमें किसी तरक्की पसंद व्यक्ति को क्या आपत्ति होनी चाहिए।

### नर्मदेश्वर महादेव मंदिर परिसर, बाजार चौक में सफाई अभियान चला

**कोर्रा(भखारा)।** कोर्रा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया। इस अवसर पर गांव में विभिन्न कार्यक्रम हुए।अस्पताल में मरीजों को फल बांटे गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य सेवाओं पर जानकारी दी गई। कोर्रा स्थित नर्मदेश्वर महादेव मंदिर और बाजार चौक में सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा भखारा मंडल अध्यक्ष चोवाराम साहू ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की परिकल्पना और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सकारात्मक सोच का सम्मान करते हुए गांव के देव स्थलों सहित सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छता अभियान से जोड़ने का प्रयास किया है। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ानी है। मौके पर बूथ अध्यक्ष कौशल साहू, मोहन सेन, पंच डॉ अरूण साहू, केशव साहू, युवराज साहू, कुमारी यादव, माधुरी देवांगन, डमिता साहू, नीतू साहू सहित कई ग्रामीणइस अभियान में शामिल हुए।

## स्वर्वेद की वाणी मन के अंधकार को मिटाती है : विज्ञान देव

■ हरदिहा साहू समाज भवन में जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जहां प्रेम की पूर्णता है वहीं परमात्मा का वास है। जहां सत्य, श्रद्धा समर्पण, सेवा भाव है वहीं आत्मा का कल्याण और परमात्मा का प्रकाश है। उक्त उद्गार स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक सुपूज्य संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज ने राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद सन्देश यात्रा के क्रम में लगभग 40000 हजार किमी की यात्रा कर धमतरी स्थित हरदिहा साहू समाज भवन में आयोजित जय स्वर्वेद कथा एवं ध्यान साधना सत्र में व्यक्त किये।

इस यात्रा की शुरुआत कश्मीर के लाल चौक से तिरंगा और विहंगम योग का पावन ध्वजा 'अ' अंकित श्वेत ध्वजा फहराकर की गई। संत प्रवर जी ने कहा कि भारतीय संस्कृति अत्यंत समृद्ध है जिसने विरासत के रूप में आध्यात्मिकता को मानव कल्याण के लिए सहज रूप में प्रदान किया है जो धर्म से लेकर मोक्ष की यात्रा कराती है ।

महाराज जी ने कहा कि जब मन शांत हो जाता है, तब आत्मा का वास्तविक प्रकाश प्रकट होता है। मन पर नियंत्रण किए बिना अध्यात्म में पूर्णता प्राप्त नहीं की जा सकती। स्वर्वेद की वाणी मन के अंधकार को मिटाती है। कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा, पूर्व विधायक रंजना साहू, सह प्रदेश कार्यालय प्रभारी प्रीतेश गांधी, श्रीमती किरण नरेटी, चंद्रभागा वर्मा, सुशीला तिवारी, राजेंद्र शर्मा, विहंगम योग के प्रदेश निदेशक बब्बन सिंह, कोटेश्वर चापड़ी, दयाराम साहू, उमेश साहू, सुश्री श्यामा उसेंडी समेत अनेक श्रद्धालुगणों ने कथा सुनी।

## नए स्टेप ढाकला को सीखने प्रतिभागियों ने दिखाई रुचि



**धमतरी।** गरबा की सुरम्य थाप और ऊर्जा से भरपूर माहौल के बीच ढोल बाजे गरबा प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने पीले रंग के ड्रेस कोड में एक अलग ही झलक प्रस्तुत की। शाम 6:30 से 8:30 बजे तक चल रहे इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में दूसरे दिन प्रतिभागियों की संख्या में आशातीत वृद्धि देखने को मिली। कुल 145 प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर माहौल को जोश से भर दिया। इस अवसर पर नए स्टेप ढाकला को सीखने में प्रतिभागियों ने विशेष रुचि दिखाई। ट्रेनर्स ने भी प्रतिभागियों के सीखने की गति और उनकी लयबद्धता की विशेष प्रशंसा की। टीम के आयोजकों ने जानकारी दी कि 19 सितंबर का ड्रेस कोड नीला रंग निर्धारित है। वहीं ढोल बाजे गरबा टीम अब 22 सितंबर से शुरू होने वाले ढोल बाजे गरबा नाइट्स की तैयारियों में जुट गई है।

### समाज की एकजुटता पर दिया जोर

**धमतरी।** ग्राम फरसियां नगरी में कोसरिया यादव समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन जिलाध्यक्ष जोहन सिंग यादव की अध्यक्षता में हुआ। नवनियुक्त जिला महिला संगठन प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का संगठन विस्तार एवं शपथ ग्रहण हुआ। जिलाध्यक्ष श्री यादव ने समाज के कार्यों को गति देने विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा कर आवश्यक जानकारी दी। सचिव रामेश्वर यादव ने भी अपने विचार रखे। मौके पर बलराम यादव अध्यक्ष धमतरी ग्रामीण, लीलाराम यादव ब्लाक अध्यक्ष कुरूद, दीनदयाल यादव ब्लाक अध्यक्ष नगरी, रामेश्वर यादव अध्यक्ष नगर इकाई धमतरी, फग्गूराम यादव मगरलोड मधुबन परिक्षेत्र, घुरउराम यादव की उपस्थिति रही।

## भगवान विश्वकर्मा श्रम और सृजन शीलता के मूल आधार हैं : रंजना



**धमतरी।** देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर कारपेंटर कल्याण संघ धमतरी द्वारा महावर धर्मशाला परिसर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू भी शामिल हुईं। श्रीमती साहू ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा न केवल निर्माण और तकनीकी कौशल के प्रतीक हैं, बल्कि वे हमारी संस्कृति और परंपरा में श्रम और सृजनशीलता के मूल आधार भी हैं। समाज के निर्माण में शिल्पकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। आगे कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, समरसता और सहयोग की भावना मजबूत होती है। कार्यक्रम में रामायण पाठ एवं भजन भी हुआ। भाजयुमो जिला महामंत्री जय हिन्दूजा ने कहा कि विश्वकर्मा जयंती हमें यह प्रेरणा देती है कि हम अपने कार्य में निष्ठा, समर्पण और रचनात्मकता बनाए रखें।

## संजना ने जीता बॉक्सिंग में गोल्ड



**धमतरी।** राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता रायपुर में आयोजित की गई। शिवसिंह वर्मा आदर्श शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी की संजना यादव पिता भोजराज यादव कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता अंडर 17 वर्ष बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में सरगुजा की खिलाड़ी को एकतरफा 3-0 से हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया। संस्था के ही हर्ष सोनकर पिता सतानंद सोनकर अंडर 19 वर्ष आयु ग्रुप के फाइनल मुकाबले में दुर्ग के खिलाड़ी से 1-3 अंक से हारकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

स्वामी जी-93406-38884
सारे तीरथ बार बार ... गंगा सागर एक बार
By Train- रिजर्वेशन कोच
गंगा सागर तीर्थ यात्रा
गंगा सागर, कामाख्या देवी, बाबा बैजनाथ धाम, श्रीजगन्नाथ पुरी, कलकत्ता, कालीघट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, उमनंद ब्रम्हपुत्र नदी, भुवनेश्वर, लिंगराज, कोणार्क, कपिल मुनि मंदिर, साक्षी गोपाल, उदयगिरी, खंडगिरी, नवग्रह, भीमाशंकर, गुवाहटी
यात्रा दिनांक
30 अक्टूबर 2025
20 नवंबर 2025
18 दिसंबर 2025
11 जनवरी 2026
मकर संक्राति स्नान
10 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/- , 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

अंतिम 24 घंटे
SAVE UN-LIMITED
UP TO 50 % LESS
सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स, ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन
SUNDAY OPEN
महेन्द्र कम्पनी
मोदी सन्स
मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 4049406/7/8

### गौ माता की सेवा कर मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन

**धमतरी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर अर्जुनी गौठान में गौ माता की सेवा का कार्यक्रम रखा गया। गौ माता को ककड़ी, खीरा और चारा खिलाकर सेवा की गई। नगर निगम सभापति द्वय नरेन्द्र रोहरा एवं विजय मोटवानी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस भी शामिल हुए। इस अवसर पर श्रीमती रंजना साहू, प्रकाश बैस ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर गौ सेवा जैसे परमार्थ कार्य से जुड़ना सौभाग्य की बात है। जननी की सेवा जैसा पुण्य कार्य कर रहे हैं। नगर निगम सभापति नरेंद्र रोहरा ने कहा कि गाय विश्व माता है और गौ सेवा परम धर्म है। आभार प्रदर्शन मंडल अध्यक्ष विनय जैन ने किया। मौके पर भाजपा जिला महामंत्री राकेश साहू, महेंद्र पंडित, जिला कोषाध्यक्ष चेतन हिंदूजा, विजय साहू, पवन गजपाल, कैलाश सोनकर, पार्षदगण हेमंत बंजारे, कोमल सार्वा, ईश्वर, विनोद पांडे, शुभम, महामंत्री जय हिंदूजा, रिक्की गनवानी, विशाल रामरख्यानी, सूरज शर्मा, राजीव चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित थे।

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020